# बीकानेर संसदीय क्षेत्र में 1929 मतदान केन्द्रों पर आज होगा मतदान



बीकानेर में डूंगर कॉलेज से मतदान सामग्री लेकर गंतव्य स्थलों के लिए रवाना हुए मतदान दल।

- संभागीय आयुक्त, पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में हुई मतदान दलों की रवानगी

**बीकानेर**,(कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतदान दल गुरूवार को रवाना हुए।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ भगत, जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि, एसपी तेजस्विनी गौतम ने दोनों मतदान दल रवानगी स्थलों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने कहा कि मतदान संपादन में को-आर्डिनेशन का विशेष ध्यान रखा जाए। निष्पक्ष रहें और निष्पक्ष व्यवहार करें।

सामान्य पर्यवेक्षक सौरभ भगत ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कहा कि निर्भीक वातावरण निर्माण के लिए निगरानी तंत्र के साथ पूरा समन्वय किया गया है। मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन दिया जाना स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने कार्मिकों से निष्पक्ष व्यवहार करने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि मतदान दलों को तृतीय और अंतिम प्रशिक्षण के बाद आवश्यक सामग्री के साथ गंतव्य स्थलों के लिए रवाना किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सफलतापूर्वक चुनाव संपादित करने के लिए मतदान कार्मिक गंभीरता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मतदान कर्मी के रूप में कार्मिकों को बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवहार करते हुए सभी कार्मिक निर्धारित नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों से संवाद किया और कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पोलिंग पार्टी संबंधित सेक्टर अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर और अन्य उच्च अधिकारियों को तुरंत सूचित करें। पोलिंग पार्टी की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा संपूर्ण व्यवस्थाएं की गई है। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने पोलिंग पार्टी के साथ रवाना हो रहे सुरक्षा कार्मिकों से बातचीत कर उनकी हौंसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र पर नॉर्म्स के अनुरूप पर्याप्त जाब्ता तैनात रहेगा।

श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर पूर्व और बीकानेर पश्चिम विधानसभा के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। इसी प्रकार पॉलिटेक्निक कॉलेज से खाजूवाला, लूणकरनसर, नोखा और कोलायत विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दल रवाना हुए। इस अवसर पर पुरुष मतदान कार्मिकों के साथ महिला मतदान कार्मिक, युवा और दिव्यांग कार्मिक भी साथ रहे। महिला पुलिस कर्मियों में भी मतदान के प्रति उत्साह दिखाई दिया।

मतदान दलों में पहली बार शामिल हुए कार्मिकों में भी उत्सुकता देखने को मिली। विभिन्न प्रकोष्ठ प्रभारियों की मौजूदगी में मतदान रवानगी स्थल पर कार्यों का संपादन किया गया। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दूलीचंद मीणा आदि मौजूद थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि बीकानेर संसदीय क्षेत्र में खाजूवाला, बीकानेर पश्चिम, बीकानेर पूर्व, श्रीडूंगरगढ़, नोखा, लूणकरणसर, कोलायत तथा अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इन आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए 1 हजार 871 मूल मतदान केन्द्र तथा 58 सहायक मतदान केन्द्रों सहित कुल 1 हजार 929 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया है।

बीकानेर जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों के 1 हजार 627 मूल मतदान केन्द्र तथा 58 सहायक मतदान केन्द्र हैं। खाजूवाला के 226 मूल मतदान केन्द्र तथा 4 सहायक मतदान केन्द्र है। बीकानेर पश्चिम विधानसभा में 194 में मूल मतदान केन्द्र तथा 7 सहायक मतदान केन्द्र, बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 197 मूल मतदान केन्द्र तथा 17 सहायक मतदान केन्द्र बनाये गए हैं।

कोलायत विधानसभा क्षेत्र के लिए 277 मूल मतदान केन्द्र तथा 4 सहायक मतदान केन्द्रों पर मतदान होगा। इसी प्रकार लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र के लिए 234 मूल मतदान केन्द्रों तथा 8 सहायक मतदान केन्द्रों पर मत डाले जायेंगे। श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 241 मूल मतदान केन्द्र तथा 9 सहायक मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टीज को रवाना किया गया है।

## 27 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलम्बित

**श्रीगंगानगर**, (कासं)। जिले में नशा मुक्ति के लिये चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर की जांच व निरीक्षण किया गया। इसमें विभिन्न प्रकार की कमियां व अनियमितता पाये जाने पर 27 मेडिकल स्टोर के अनुज्ञा पत्र निलम्बित किये गये हैं।

औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि राम इन्टरप्राईजेज श्रीगंगानगर का 1 व 2 मई तक अनुज्ञा पत्र निलम्बन के साथ-साथ 12 एनडीपीएस शैड्यूल एच-1 औषधियों की अनुमति वापिस ली गई है। इसी प्रकार सिहाग मेडिकोज गांव बुधरावाली सादुलशहर का 29 अप्रैल से 3 मई, शर्मा मैडिकल एण्ड जनरल स्टोर चक 2 एमएल नाथावाला का 1 से 3 मई 2024, न्यू लाईफ मेडिकल स्टोर 10 सरकारी का 29 अप्रैल से 5 मई, मोंगा मेडिकल स्टोर जैतसर का 1 से 3 मई, सुखमणी मैडिकोज चक 13 एलएनपी का 29 अप्रैल से 3 मई, भुल्लर मेडिकल स्टोर 11 पी पतरोड़ा 29 अप्रैल से 3 मई, सतगुरू मेडिकल स्टोर गांव 12 एच मोहलां श्रीकरणपुर का 1 मई से 10 मई, रिषभ मेडिकल स्टोर श्रीगंगानगर का 29 अप्रैल से 3 मई, आर.के. एण्ड कम्पनी श्रीगंगानगर का 26 अप्रैल, गिल मेडिकल स्टोर बिलोचिया श्रीविजयनगर का 29 अप्रैल से 5 मई, राज मेडिकल एण्ड जनरल स्टोर रत्तेवाला का 29 व 30 अप्रैल, सूड़िया मेडिकल स्टोर 6 जीबी जैतसर का 29 अप्रैल से 5 मई, डेलु मेडिकल एजेंसी सूरतगढ़ का 29 अप्रैल से 3 मई, सन्धू मेडिकल स्टोर 33 जीबी का 29 अप्रैल से 3 मई तक लाइसेंस निलंबित किया गया है।

## सार-समाचार

### सांस्कृतिक विरासत को जाना



श्री जैन पब्लिक स्कूल बीकानेर में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक विरासत की जानकारी ली।

**बीकानेर**, (कासं)। विश्व विरासत दिवस की पूर्व संध्या पर श्री जैन पब्लिक स्कूल बीकानेर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए पांच टीमों (लोथल, कालीबंगा, हड़प्पा, सांची व धोलावीरा) के साथ प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। जिसमें भारतीय एवं विश्व स्तर की सांस्कृतिक विरासत के बारे में महत्वपूर्ण एवं उपयोगी प्रश्न किए गए। प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह से न सिर्फ प्रश्नों के उत्तर दिए अपितु उनके बारे में विस्तृत जानकारी को दर्शक दीर्घा में बैठे विद्यार्थीगण से साझा की। शाला की प्रधानाचार्या रूपश्री सिपानी ने सांस्कृतिक विरासत को मानव जाति के विकास का परिचय बताते हुए उसे सहेज कर रखने एवं आने वाली पीढ़ी को इसका महत्व बताने के लिए प्रेरित किया एवं शाला की ओर से विजेता टीमों लोथल (प्रथम) व कालीबंगा (द्वितीय) को हार्दिक बधाई देते हुए उत्साहवर्धन स्वरुप पुरस्कार, स्मृति चिन्ह एवं प्रशंसा पत्र भेंट किए। प्रश्नोत्तरी के लिए प्रश्नों का चयन व कार्यक्रम का संचालन अध्यापक अब्दुल अजीज तथा नीलू सोलंकी ने किया।

### 48 घंटे बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**श्रीगंगानगर**, (कासं)। लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग ने जिले के सभी शराब ठेकों पर ताले लगवा दिए है। आबकारी विभाग ने दो दिन सूखा दिवस घोषित किया है। शुक्रवार शाम छह बजे तक लाइसेंसी दुकानें नहीं खुलेगी। इस दौरान शराब की बिक्री नहीं करने के आदेश जारी हो चुके है। 19 अप्रेल की शाम छह बजे जैसे ही मतदान की प्रक्रिया पूरी होगी उसके बाद शराब ठेके खुल जाएंगे। आबकारी सिटी सीआई गुरनाम सिंह ने बताया कि पूरे जिले में 409 लाइसेंसी दुकानें है। इसमें से सिर्फ जिला मुख्यालय पर 26 दुकानें है। शाम पांच बजे के बाद दुकानों को बंद कराने के लिए आबकारी विभाग की ओर से 22 टीमों को अधिकृत किया गया। इन टीमों ने दुकानों को बंद कराने के बाद सील भी लगाई। इधर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यवाहक सीआई जे.डी. यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार शाम पांच बजे के बाद शराब बिक्री पर रोक लगा दी गई है। ऐसे में अवैध तरीके से शराब बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। शराब ठेको को बंद कर सील लगाने की प्रक्रिया अपनाई गई। इलाके में होटलों और रेस्टोरेंट में संचालित होने वाली 12 बार को भी ड्राई डे में शामिल किया गया है। सीआई ने इन बार के गेटों पर ताले जड़कर सील की प्रक्रिया अपनाई। सीआई का कहना था कि चुनाव आयोग के सख्त आदेश के बावजूद किसी ने बार में शराब पीने या पिलाने का दौर शुरू किया तो उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जायेगी। इधर शहर के कई शराब ठेकों के संचालकों ने शाम पांच बजे की बजाय शाम सात बजे तक ठेकों के खुले होने की सूचना पर आबकारी पुलिस ने कई जगह दबिश भी दी।

### बैंक के एजेंट से लूट का प्रयास

**बीकानेर**, (कासं)। पुलिस थाने से कुछ ही दूर बैंक एजेंट से लूट के प्रयास का मामला सामने आया है। इस आशय की रिपोर्ट व्यास कॉलोनी क्षेत्र निवासी सुरेश कुमार शर्मा ने कोटगेट पुलिस थाने में दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह कैनरा बैंक का एजेंट है। आम दिन की तरह वह शाम को शीतल ब्रेकरी से कलेक्शन की राशि लेकर निकला था। कोटगेट पुलिस थाने से महज कुछ ही दूर स्थित आनन्द होटल के नजदीक पहुंचा। इसी दरम्यान पीछे से एक नकाबपोश बदमाश ने उसकी कॉलर पकड़ कर उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया तथा बदमाश ने उसको धक्का दिया तथा उसके हाथ में बैग को छीनने का प्रयास किया। किंतु उसने हिम्मत नहीं हारी तथा जैसे-तैसे करके अपने आप को संभाला तथा युवक को पकडने का प्रयास किया, किंतु आरोपी उससे अपना पीछा छुड़ा कर भाग छूटा। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**बीकानेर**, (कासं)। पुलिस ने ओवरब्रिज के नीचे अवैध हथियार व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक गौरव पालीवाल पुत्र नन्दलाल पालीवाल है। आरोपी पुष्करणा स्कूल के नजदीक रहने वाला है। जिसके पास पुलिस को अवैध हथियार व जिंदा कारतूस मिले है। दरअसल यह कार्रवाई नयाशहर थाना पुलिस ने की है। पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि चौखूंटा फाटक ओवरब्रिज के नीचे युवक अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना मिलने के साथ ही पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को धरदबोचा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने इन्हें जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### संस्कृति-सत्संग का समापन

**बीकानेर**, (कासं)। गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी संवित सोमगिरि महाराज के कृपापात्र शिष्य, श्री लालेश्वर महादेव मंदिर के महंत पूज्य स्वामी विमर्शानंद गिरि महाराज के सानिध्य में गोस्वामी तुलसीदास सत्संग कुटीर में सप्त दिवसीय संस्कृति-सत्संग कार्यक्रम का समापन हो गया। इस अवसर पर स्वामी महाराज ने बताया कि मनुष्य जीवन का यही उद्देश्य है कि इसी जन्म में उस परमानंद की प्राप्ति कर लेना, जिसके लिए भगवान ने मनुष्य मात्र पर अपार कृपा की है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अपनी रूचि, योग्यता एवं साधना के अनुरूप एक उच्च आदर्श होना चाहिए, जिस आदर्श पर चलकर वह अपने सभी कर्तव्यों एवं दायित्वों को निभाते हुए अपना सर्वांगीण विकास कर करें। स्वामी ने यह भी कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि मनुष्य संवेदना से अपने अंत:कण भर लें।

# जेलों में मोबाइल फोन व हथियार पहुंचना आम बात

- बीकानेर जेल में चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद आसानी से मोबाइल फोन व आपत्तिजनक सामग्री पहुंच रही है

**बीकानेर**, (कासं)। व्यवस्था दो स्तरीय हो, त्रिस्तरीय हो या चार स्तरों वाली। जेल की सुरक्षा को जैसे जंग लग चुकी है। छूटने का नाम ही नहीं लेती। जेलों में हथियार, यहां तक कि पिस्टल पहुंचना भी अब आम बात हो गई है।

मोबाइल तो जैसे जेल में बंद हर बड़े अपराधी को मुहैया हुई खास सहूलियत हो गई है, जो किसी न किसी राह से उस तक बैरकों और कोठरियों तक में पहुंच जाती है। नतीजे में जेलों में हत्याकांड से लेकर जेल से बाहर की दुनिया में फिरौती के लिए अपहरण और हत्याकांड जैसी घटनाएं हो रही हैं। जिनके तार जेलों में बंद अपराधियों से जुड़ना भी जैसे आम बात हो गई है।

हैरत की बात यह है कि सालों-साल से चल रहे इस खेल का तोड़ जेल प्रशासन या विभाग नहीं निकाल पा रहा है। ताजा घटना बीकानेर जेल से संबंधित है। यहां केन्द्रीय कारागार में बंदियों की बैरक के पास एक मोबाइल मिला है। कारागार की सेल नंबर पांच के बैरक नंबर 20 की तलाशी के दौरान जमीन में दबा यह मोबाइल मिला। इसमें सिमकार्ड भी डाला हुआ था।

सुरक्षा प्रहरी मातादीन पुत्र गोपाललाल मीणा की ओर से बीछवाल थाने में मामला दर्ज कराया गया है। वैसे इस साल अब तक 13 मोबाइल बरामद हो चुके हैं। जबकि साल 2018 में सर्वाधिक 52 मोबाइल मिल चुके हैं।

जेल में सिम लगा मोबाइल मिलने के बाद इस फोन को फॉरेंसिक जांच के लिए भी भेजने के बारे में भी जेल प्रशासन सोच रहा है। ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस मोबाइल का उपयोग हुआ है या नहीं। हुआ है, तो कहां और कितनी बार बात की गई है। साइबर सेल की मदद से उस कैदी का भी पता लगाने की कोशिश की जाएगी, जिसके लिए यह मोबाइल जेल परिसर के भीतर पहुंचाया गया। बीकानेर जेल में चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद जेल में बड़ी आसानी से मोबाइल व आपत्तिजनक सामग्री पहुंच रही है। हर दो-तीन माह में जेल की बैरकों की जांच में मोबाइल फोन, सिम, चार्जर, मादक पदार्थ, हथियार व अन्य सामान बरामद होता है। ऐसा तब है, जेल में प्रवेश द्वार पर जेल सुरक्षाकर्मी जांच करते हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर

**बीकानेर**, (कासं)। हनुमान जयंती (23 अप्रैल) को लेकर तैयारियों का दौर चल रहा है। जयंती के अवसर पर कई जगह विशेष पूजन, सुंदरकांड सहित विभिन्न आयोजन होंगे।

इसी क्रम में श्री बजरंग धोरा विकास समिति की बैठक श्री बजरंग धोरा धाम में आयोजित की गई जिसमें हनुमान जन्मोत्सव को आयोजित होने वाले मेले में कार्यकर्ताओं को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

मंदिर के आशीष दाधीच ने बताया कि मंदिर में सफाई, पार्किंग, लाइट-पानी की उचित व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी गई। साथ ही बीकानेर पुलिस अधीक्षक से ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने के लिए अनुरोध किया जायेगा ताकि यातायात सुगम हो। यात्रियों के लिए पार्किंग व रैम्प की सुविधा की जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से सभी भक्तों को आमंत्रित किया जा रहा है।

# विवाहिता को करंट से मारने का आरोप

- नयाशहर पुलिस थाना क्षेत्र में विवाहिता की मौत मामले में नया मोड़ आया

**बीकानेर**, (कासं)। नयाशहर पुलिस थाना क्षेत्र में विवाहिता की मौत में नया मोड़ आ गया है। मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों पर करंट देकर मार देने का आरोप लगाया है।

इस आशय की रिपोर्ट मृतका के भाई जस्सूसर गेट बाहर क्षेत्र निवासी अशोक सोनी पुत्र गंगाराम सोनी ने थाने में दी है। रिपोर्ट के मुताबिक मनीषा की शादी 26 अप्रैल 2021 को बंगला नगर निवासी सोनू सोनी के साथ हुई थी। आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसको दहेज के लिए तंग व परेशान करने लगे थे। दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने कई बार मनीषा के साथ मारपीट की। समझाइश करने के बावजूद ससुराल वाले नहीं माने और उसको दहेज के लिए तंग व परेशान करते रहे।

आरोप है कि 17 अप्रैल को आरोपी ससुराल वालों ने उसकी बहन मनीषा को करंट देकर मार डाला। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी सोनू सोनी पुत्र दीपक सोनी, प्रकाश, दीपक सोनी, देवर विष्णु सोनी, विष्णु सोनी और मनीषा की सास के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**लाखों की ठगी** : सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रूपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर एक महिला सहित पांच नामजद व अन्य जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवादी आचार्यों की घाटी निवासी सचिन पणिया पुत्र फतेहचंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पड़ौसी पर फसल जलाने का मुकदमा दर्ज

- आरोपी ने पिस्तौल निकालकर फायर कर दिया तथा धमकी देते हुए खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगा दी

**बीकानेर**, (कासं)। जिले के शेरूणा पुलिस थाना क्षेत्र में फायर करने तथा फसल को जला देने का मामला सामने आया है।

पीड़ित खेतूदेवी पत्नी चूनाराम है। जो कि बापेऊ की रहने वाली है। इसने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए अपने ही खेत पड़ौसी दीपाराम पुत्र लालाराम पर आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में आरोप लगाया कि रात को करीबन आठ बजे आरोपी उसके खेत में घुस आया तथा गाली गलौच करने लगा। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तथा उसको रोकने का प्रयास किया तो आरोपी आग बबूला हो गया। आरोप है कि आरोपी ने पिस्तौल निकालकर फायर कर दिया तथा धमकी देते हुए खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लगा दी। जिससे उसको खासा नुकसान हुआ है। बता दें कि दोनों ही पक्षों के बीच विवाद चल रहा है तथा एक-दूसरे के खिलाफ थाने में मामलें भी दर्ज है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मतदान के आमंत्रण पत्र बांटे

**बीकानेर**, (कासं)। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया के नेतृत्व में वीरेंद्र किराडू, सुशील बंसल और प्रेम खंडेलवाल ने केईएम रोड स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों व खजांची मार्केट में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया।

आमजन को 19 अप्रैल को अधिकाधिक मतदान करने हेतु जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। पचीसिया ने आम मतदाताओं को जिला उद्योग संघ द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी की प्रेरणा से मतदान प्रतिशत बढाने हेतु 19 व 20 तारीख को अंगुली पर मतदान पश्चात लगाई गई स्याही का निशान दिखाने पर 71 व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा 3 से लेकर 50 प्रतिशत तक दी जा रही विशेष छूट का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

# अभय कमांड में वॉर रूम बना, एसपी खुद करेंगी मॉनिटरिंग

- संवेदनशील एवं अतिरिक्त संवेदनशील मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग को भी वॉर से मॉनिटर किया जा सकेगा

**बीकानेर**,(कासं)। लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार सुबह मतदान शुरु हो जायेगा। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा संबंधी सभी बंदोबस्त पुख्ता कर लिए हैं। अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में वॉर रूम बनाया गया है।

यहां पुलिस के सभी सुपरवाइजरी अधिकारी जैसे सीओ, एसएचओ, मोबाइल पार्टी, क्यूआरटी एवं अन्य अधिकारी रूट चार्ट पर रहेंगे। पुलिस ने चुनाव आयोग की गाइडलाइन के अनुसार जीआईएस मैप पर सभी की प्लॉटिंग (चिन्हित) की गई है।

जिले के सभी पोलिंग बूथ मैप पर लिए गए हैं। ऐसे में कहीं पर भी कोई घटना या विवाद होता है। इसकी सूचना होने वॉर रूम को मिलेगी। यहां बैठे अधिकारी तुरंत नजदीकी पुलिस पार्टी को पोलिंग बूथ के लिए रवाना कर देंगे। घटनास्थल पर सुरक्षा व जाब्ता जल्द पहुंचकर राहत प्रदान करेगा।

पुलिस महकमे के आंकड़ों के मुताबिक, जिलेभर में 966 बूथ लाइव रहेंगे। वॉर रूम की मॉनिटरिंग पुलिस अधीक्षक खुद करेंगी। संवेदनशील एवं अतिरिक्त संवेदनशील मतदान केन्द्रों की वेब कास्टिंग को भी वॉर से मॉनिटर किया जा सकेगा। इसके अलावा 27 फ्लाइंग स्क्वायड, 27 स्टेटिक सर्विलांस की लोकेशन भी निगरानी में रहेगी। पुलिस मोबाइल पार्टी 189, क्यूआरटी 32, सुपरवाइजरी ऑफिसर 23, एसएचओ 29 वॉर रूम की निगाह में रहेंगे। चुनाव के लिए 32 क्यूआरटी टीमें बनाई गई हैं। टीम में एक हवलदार और पांच हथियार बंद जवान होंगे। क्यूआरटी टीमें प्रत्येक थाने और कंट्रोल रूम में तैनात होगी। किसी भी मतदान स्थल व आसपास विवाद होने पर संबंधित थाने में तैनात क्यूआरटी तुरंत पहुंचेगी।

# इंडोनेशिया के हिन्दू और मुस्लिम कलाकारों ने किया मंच पर राम राज्य को चरितार्थ



इंडोनेशिया से आये कलाकारों ने बीकानेर में बाली की रामलीला का शानदार अंदाज़ में मंचन किया।

- मंच पर किन्नर योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास करवाया

बीकानेर, (कासं)। भगवान राम का प्रभाव भारतीय जन मानस के साथ-साथ विदेशों में भी कितना गहरा है इसकी एक झलक बीकानेर में हुए अंतर्राष्ट्रीय रामलीला कार्यक्रम में देखने को मिली।

मौका था समत्वम ट्रस्ट और एनएमपी रिसर्च द्वारा आयोजित रेलवे ग्राउंड में हुए इस अद्भुत कार्यक्रम में इंडोनेशिया से आये हुए कलाकारों ने बाली की रामलीला का शानदार अंदाज़ में मंचन का। नवीन मेघवाल द्वारा निर्देशित और संचालित ध्यान से मतदान के इस पूरे कार्यक्रम में इंडोनेशिया के हिन्दू और मुस्लिम कलाकारों ने मिलकर मंच पर राम राज्य को चरितार्थ किया।

बाली इंडोनेशिया से आये हुए कलाकारों में पद्मश्री इंद्रा उडियाना ने गुरू वशिष्ठ, हरेन्द्रा ने प्रभु राम, दीया ने माता सीता, मंगकास ने लक्ष्मण, आदि सपूत ने हनुमान, चिंता ने त्रिजटा और पाक चोक ने रावण का किरदार निभाया। बीकानेर में पहली बार हुई इस अन्तर्राष्ट्रीय रामलीला द्वारा इंडिनेशियन कलाकारों ने आम जनता को राम जैसा जीवन जीने का संदेश दिया।

ट्रस्ट के ट्रस्टी पुनीत शर्मा ने बताया कि रामलीला के साथ इस मंच पर किन्नरों के माध्यम से समानता का संदेश भी दिया गया और उसे चरितार्थ करते हुए देश के अलग-अलग कोने से आये हुए किन्नर योग शिक्षकों ने आम जनता को योगाभ्यास भी करवाया। संभवत: विश्व में पहली बार किसी एक मंच पर किन्नर योग शिक्षकों द्वारा इतनी बड़ी संख्या में एक साथ लोगों को योगाभ्यास करवाया गया। देश के दूसरे राज्यों से आये किन्नर योग शिक्षकों में पूजा, रोशनी, माही, शशि, अंकिता, प्रांजल और काव्य ने बारी बारी से मंच पर अलग-अलग आसन सिखाये। इस पूरे कार्यक्रम को नवीन मेघवाल ने निर्देशित और संचालित किया।

# अंगुली पर अमिट स्याही दिखा दो दिन छूट ले सकेंगे मतदाता

- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा ऑफर दिए

**बीकानेर**,(कासं)। लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के बाद अंगुली पर लगी अमिट स्याही दिखाने पर बीकानेर के 71 प्रमुख प्रतिष्ठानों द्वारा 19 और 20 अप्रैल को 3 से लेकर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने कहा कि जिले के अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का उपयोग करें। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता का अहम योगदान है। इस नवाचार के माध्यम से मतदाता प्रेरित होंगे और मत प्रतिशत में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं अधिक संख्या में मतदान कर पूरे देश में एक मिसाल कायम करें।

जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने बताया कि जिले के मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा ऑफर दिए गए हैं। इनमें मार्ट, ज्वेलरी हाउस, ऑटो मोबाइल, मेडिकल, ब्यूटी पार्लर, होटल एंड रेस्टोरेंट, मिष्ठान भंडार, साड़ी, बैट्री, एयर कूलर, बड़ी, पापड़, आइस क्रीम, कैफे आदि सम्मिलित हैं।

विशेष ऑफर के तहत कम कीमत मार्ट, द गोल्डफोर्ड (तनिष्क), राजाराम धारणिया ऑटोमोबाइल, मोहता चिकित्सालय ट्रस्ट, मीनाक्षी दत्त मेकओवर, क्लाथिंग क्रू, श्री ब्यूटी पार्लर एंड स्पा, होटल द्वारिका, द्वारिका जयपुर रोड, होटल अंबरवाला, यामाहा टू व्हीलर, बीकाजी आउटलेट, पोपली टाइल्स एंड सेनेट्री, बाथ एंड टाइल्स, कटारिया एसोसिएट्स, स्काई किंग, प्रेम मिष्ठान भंडार, स्वरूप साड़ीज, कमल बैटरी, महात्मा जी की दुकान पर विशेष छूट दी जायेगी।


**मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर**
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर 302017
पीएच.डी. में प्रवेश और मास्टर डिग्री प्रोग्राम 2024-25

**क्रमांक. एमएनआईटी/शैक्षणिक/प्रवेश/24/01**
पीएचडी में प्रवेश के लिए, सभी विभागों/केंद्रों हेतु 2024-25 वास्ते (विषम सेमेस्टर) एवं एम.टेक./एम.प्लान. (प्रायोजित) में के लिए आवेदन आमंत्रित किए गये हैं। अधिक जानकारी के लिए www.Mnit.ac.in पर जाएं। आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 29 अप्रेल 2024 है।
CBC 21312/12/0003/2425 रजिस्ट्रार

# झुंझुनूं एकेडमी का सचिन राहड़ बना आई.ए.एस. अधिकारी

- **एकेडमी सीबीएसई के एल्युमिनाई विद्यार्थी आज भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में उच्च प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं**

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के एल्युमिनाई विद्यार्थी आज भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में उच्च प्रतिष्ठित पदों पर आसीन हैं तथा अपने परिवार, स्कूल एवं जिले का नाम रोशन कर रहे है। सफलता की इस कड़ी में आज एक और नाम जुड़ गया।

जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा ने बताया कि झुंझुनूं एकेडमी का एल्युमिनाई छात्र सचिन राहड़ पुत्र सावित्री देवी एवं शुभकरण राहड़ का आईएएस अधिकारी के लिए चयन हुआ है। सचिन की स्कूली शिक्षा झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई में संपन्न हुई। ग्रेजुएशन दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज से ऑनर्स फिजिक्स से की तथा मास्टर डिग्री चुरू के लोहिया कॉलेज से जियोग्राफी में एमएससी किया व नेट अथवा जेआरएफ भी क्लियर किया। सचिन एक होनहार विद्यार्थी होने के साथ-साथ ताइक्वांडो व बॉस्केटबॉल के नेशनल खिलाड़ी भी रहे हैं। झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई में ही इन्होंने ताइक्वांडो में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल भी जीते हैं। इसके पश्चात अपने चौथे प्रयास में ऑल इंडिया 291वीं रैंक के साथ क्लियर किया तथा आईएएस अधिकारी बने। शर्मा ने बताया कि 2014 में उनका एनडीए में 281वीं रैंक के साथ चयन हो गया था। परंतु उनको सिविल सर्विसेज में जाना था। इसलिए उन्होंने एनडीए जॉइन नहीं किया। सचिन के बड़े भाई सुनित राहड़ भी झुंझुनूं एकेडमी के ही एल्युमिनाई रहे है। जो वर्तमान में दिल्ली में इनकम टैक्स ऑफिसर हैं तथा इनकी बहन डॉ. मोनिका भी झुंझुनूं एकेडमी की एल्युमिनाई रही है। इनके पिता शुभकरण राहड़ झुंझुनूं जिला परिषद में एक्सईएन पद पर कार्यरत है तथा माता सावित्री देवी सरकारी स्कूल में अध्यापिका हैं। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में सचिन का शानदार स्वागत किया गया। सभी स्कूल पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र भेंट कर व तिलकार्चन तथा माल्यार्पण कर सत्कार अभिनंदन किया। सचिन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई-बहन एवं परिवारजनों के साथ-साथ झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी के मोटिवेशनल सेमीनार उन्मेष को दिया। इस शानदार उपलब्धि के लिए झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल निदेशक आकाश मोदी,छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, उप-प्राचार्या सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, श्यामसुंदर शर्मा तथा प्रशासक कमलेश कुलहरि ने छात्र सचिन राहड़ को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



**झुंझुनूं एकेडमी का एल्युमिनाई छात्र सचिन राहड़ पुत्र सावित्री देवी एवं शुभकरण राहड़ का आईएएस अधिकारी के लिए चयन हुआ है।**

## टैस्सीटोरी प्रज्ञा-सम्मान 20 को

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार एवं राजस्थानी भाषा मान्यता आंदोलन के प्रवर्तक कमल रंगा ने बताया कि इसी क्रम में प्रवासी राजस्थानी विभूतियों को आगामी 20 अप्रेल को दोपहर 3 बजे कोलकाता के सूचना-केन्द्र सभागार में सम्मानित किया जायेगा।

साहित्यिक एवं सृजनात्मक आयोजनों को नवाचार के साथ समर्पित भाव से करने वाली प्रज्ञालय संस्थान जो कि वर्ष 1980 से लगातार महान इटालियन विद्वान, राजस्थानी भाषा के पुरोधा डॉ. लुईज पिओ टैस्सीटोरी के कार्य को जन-जन तक ले जाने का सकारात्मक उपक्रम करती आई है। जिसके माध्यम से प्रमुख रूप से राजस्थानी भाषा मान्यता, साहित्य संस्कृति एवं कला के क्षेत्र में खासतौर से प्रदेश और देश में काम करने वाली विभूतियों को डॉ. टैस्सीटोरी प्रज्ञा-सम्मान अर्पित करने का उपक्रम वर्ष 2022 से प्रारंभ कर दिया था।

कार्यक्रम के संयोजक एवं राजस्थानी संस्कृतिकर्मी हिंगलाज दान रतनू ने बताया कि उक्त दिवस को प्रवासी राजस्थानी विभूतियों में डॉ. टैस्सीटोरी साहित्य प्रज्ञा-सम्मान राजस्थानी के वरिष्ठ साहित्यकार बंशीधर शर्मा को, डॉ टैस्सीटोरी भाषा प्रज्ञा-सम्मान राजस्थानी भाषा के महत्वपूर्ण समर्थक रतन शाह को एवं डॉ टैस्सीटोरी संस्कृति प्रज्ञा-सम्मान राजस्थानी संस्कृति के समर्पित विद्वान महावीर प्रसाद बजाज को अर्पित किया जायेगा।

## सार-समाचार

### कमियां सुधारने के लिए किया पाबंद



**हनुमानगढ़ सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने टिब्बी के निश्चय साइक्रेट्रिक क्लीनिक का निरीक्षण किया।**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सरकारी एवं प्राइवेट चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने आज खण्ड टिब्बी के निश्चय साइक्रेट्रिक क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ स्वास्थ्य निरीक्षक संत कुमार बिश्नोई भी उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि निरीक्षण अभियान के तहत आज उन्होंने टिब्बी के साइक्रेट्रिक क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित मरीजों से मिल रहे उपचार के बारे में जानकारी ली। स्वास्थ्य निरीक्षक संत कुमार बिश्नोई ने क्लीनिक के रिकॉर्ड की जांच की। मरीजों की दी जा रही दवाओं की भी जांच की गई एवं उनका स्टॉक रजिस्टर से मिलान भी किया गया। वहां स्थापित जांच लैब की भी जांच की एवं दस्तावेजों का भी निरीक्षण किया गया। डॉ. शर्मा ने बताया कि इस दौरान वहां मिली कमियों को दुरस्त करने के लिए क्लीनिक संचालकों को पाबंद किया गया। इसके लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा और अगर कमियों की पुनरावृति रही तो कठोर कार्यवाही की जायेगी। डॉ. शर्मा ने बताया कि जिले में समस्त अस्पतालों की औचक जांच नियमित अंतराल में की जायेगी।

### शिव प्रतिमा की स्थापना

**रतनगढ़,**(निसं)। शहर के चौधरी मुक्तिधाम में स्व. पन्नालाल सिपाणी परिवार द्वारा भगवान शिव का नवमंदिर निर्माण कर आज गुरुवार को विधि विधान से भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित कर इसका अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ने किया । रिणवा ने कहा कि जीव की मृत्यु के पश्चात उनकी आत्मा भगवान शिव में समा जाती है। यहां आकर संसार के सभी मोह बंधनों से जीव को छुटकारा मिलता है । शिव की प्रतिमा स्थापित होने से यहां अनेक आत्माओं को चिर शांति प्राप्त होगी और इस नेक कार्य के लिए सिपाणी परिवार का आभार प्रकट किया।इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष लिट्टू कल्पना कांत ,सिपाणी परिवार के तेजकरण सिपाणी,रणजीतसिंह सिपाणी,डालचंद सिपाणी,दर्शन सिपाणी, मनोज बेगवानी ,सुभाषचंद्र बैंद,प्रताप बोथरा ,नीरज बैद, अशोक वर्मा, सुदामा सिंधी , लक्ष्मीनारायण चंगोईवाला, विकाश रिणवा,अशोक वर्मा, रमेश सुदामा सिंधी, एडवो.आशुतोष पुरोहित,हीरालाल नौहाल, ओम सारस्वत, गोविंदराम मिटावा सहित अनेक व्यक्ति उपस्थित थे।

### मतदान करने की अपील कि

**झुंझुनूं,**(निसं)। मतदान की पूर्व संध्या पर जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे 19 अप्रेल को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में आवश्यक रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि जिले में शांतिपूर्ण, निर्भिक मतदान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। मतदाताओं को किसी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए माकूल व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने महिलाओं, फर्स्ट टाईम वोटर्स एवं यूथ वोटर से अपील की है कि वे भी शत-प्रतिशत मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदान अपने बूथ की भीड़ की स्थिति को भी वेबसाइट के माध्यम से देख सकता है, ताकि उन्हें वहां जाकर लाईन में इंतजार नहीं करना पड़े। गौरतलब है कि दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर ले जाने के लिए 63 गाड़ियों की व्यवस्था की गई है। वहीं 520 व्हील चेयर भी विभिन्न मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी। सुगम मतदान में 3500 स्काउट गाइड देंगे सहयोग

### मतदाताओं की निस्वार्थ सेवा

**झुंझुनूं,**(निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर झुंझुनूं के निर्देशानुसार दिव्यांग व वृद्धजन को सुगम मतदान के लिए झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदाता बूथ पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के दो-दो स्काउट गाइड साइनेज के रूप में कार्य करेंगे। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र मंडावा में 512, झुंझुनूं में 516, खेतड़ी में 420, उदयपुरवाटी में 464, सूरजगढ़ में 588, नवलगढ़ में 522, पिलाने में 478 इस प्रकार 3500 स्काउट गाइड सुगम मतदान में सहयोग देते हुए बीएलओ एवं पीठासीन अधिकारी के निर्देशन में कार्य करेंगे। जिसके अंतर्गत वृद्धजनों, दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक ले जाना, मतदाताओं को छायादार स्थान पर बैठाना, पीने के पानी की व्यवस्था करना जैसे कार्यों में सहयोग करेंगे। मतदान केंद्र पर नन्हें मुन्ने स्काउट्स गाइड्स पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए अपनी सेवा भावना का परिचय देंगे।

### नेपाल में स्वर्ण पदक जीता

पाटन,(निसं)। नेपाल के पोखरा में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित हुए खेलो में भारत युथ इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ी रवि सामोता पुत्र शंकर सामोता (सिरोही) जिला नीमकाथाना ने एथलेटिक्स (अंडर-19) 200 मी. स्प्रिंट में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसमें भारत की तरफ से 68 बच्चों ने अलग-अलग खेलों में भागीदारी ली है।नेपाल में आयोजित हुए इस चैंपियनशिप में सभी मित्रवत देशों ने भागीदारी दिखाई है। रवि सामोता के कोच सेंसेई अंकित सोनी ने रवि सामोता को आने वाले एशियार्ड चैंपियनशिप (क्वालाल्मपुर मलेशिया) के लिए तैयारी करवा रहें थें।

# बीकानेर क्षेत्र में 20 लाख 47 हजार 880 मतदाता पंजीकृत

- **जिला निर्वाचन अधिकारी ने की निर्भीक होकर मतदान करने की अपील**

**बीकानेर,** (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए बीकानेर संसदीय क्षेत्र में 20 लाख 47 हजार 880 मतदाता पंजीकृत हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि संसदीय क्षेत्र में शामिल आठ विधानसभा क्षेत्रों में 10 लाख 77 हजार 785 पुरुष मतदाता तथा 9 लाख 70 हजार 63 महिला मतदाता तथा 32 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। शुक्रवार को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा।

उन्होंने बताया कि खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 39 हजार 692, बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 39 हजार 217, बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 48 हजार 952 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कोलायत विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 57 हजार 544 मतदाता पंजीकृत है। इसी प्रकार लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 63 हजार 955, श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 68 हजार 142 तथा नोखा विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 83 हजार 985 मतदाता वोट डालेंगे। अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 46 हजार 393 मतदाता पंजीकृत हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी वृष्णि ने बताया कि बीकानेर संसदीय क्षेत्र के कुल 1 हजार 929 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बीकानेर संसदीय क्षेत्र से कुल 9 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। अधिक से अधिक मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी की अपील करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए निर्भीक होकर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि चुनाव से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए सी विजिल एप या 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।

मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए पेयजल, छाया, बिजली, बैठने आदि की व्यवस्थाएं की गई है। साथ ही लाइन में इंतजार ना करना पड़े इसके लिए बीकानेर एज नाम से एप विकसित किया गया है। इस एप पर मतदान केंद्र पर कतार में लगे लोगों की संख्या के संबंध में जानकारी मिल सकेगी।

निर्वाचन फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डालने की सुविधा दी गई है। जो मतदाता निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए पहचान पत्र, पासबुक, दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी में कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर वोट दिया जा सकता है।

## लाखों की एम.डी के साथ दो युवकों को पकड़ा

**बीकानेर,** (कासं)। लाखों की एमडी के साथ दो जनों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कार में एमडी ले जा रहे थे। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है।

दरअसल यह कार्रवाई सदर थाना पुलिस ने की है। पुलिस के मुताबिक लोकसभा चुनाव के मध्यनजर कल देर शाम को पुलिस लाइन के पास वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को रोककर उसमें सवार युवकों से पूछताछ की।

मामला संदिग्ध लगने पर पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में पुलिस को 103 ग्राम अवैध एमडी मिली। पुलिस को आरोपियों के पास से एक इलेक्ट्रोनिक कांटा भी मिला है।

पुलिस के मुताबिक कार में सवार मुक्ताप्रसाद नगर क्षेत्र निवासी सलीम भाटी पुत्र मेहबूब अली, अब्बास अली पुत्र शौकत अली को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। जब्त की गई एमडी की कीमत बाजार में तकरीबन 20-25 लाख रुपये बताई जा रही है।

# पहले मतदान करने वाले को मिलेगा प्रमाण पत्र

- **सेल्फी प्वाइंट सहित विशेष सजावट रहेगा आकर्षण का केंद्र**

**बीकानेर,** (कासं)। गत चुनाव में 60 प्रतिशत से कम वोटिंग वाले मतदान केन्द्रों पर प्रात: 7 बजे से 9 बजे तक सबसे पहले मतदान करने वाले 25 नव मतदाताओं को प्रमाण पत्र दिए जायेंगे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक बूथ पर आने वाले बीस-बीस नव मतदाताओं को भी प्रमाण पत्र दिए जायेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने बताया कि युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा में गत चुनाव में न्यून मतदान वाले केन्द्रों पर बीएलओ द्वारा यह प्रमाण पत्र दिए जायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले की सातों विधानसभा के लो वोटर टर्नआउट वाले दस-दस मतदान केंद्रों पर सेल्फी पाइंट लगाए जायेंगे। मतदान करने के पश्चात मतदाता अपने फोटो सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर शेयर कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के लिए प्रत्येक विधानसभा में 8-8 महिला कार्मिक तथा युवा मतदान कार्मिक केन्द्र, 1-1 मॉडल, यूनिक, ग्रीन तथा दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इस प्रकार जिले में कुल 56 महिला कार्मिक तथा युवा कार्मिक मतदान केन्द्र एवं 7-7 मॉडल, यूनिक, ग्रीन तथा दिव्यांग मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिले में स्थापित प्रत्येक विशेष मतदान केन्द्र पर आकर्षक प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। इन मतदान केन्द्रों पर ओलम्पिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चौपड़ा, पैरा ओलम्पिक गोल्ड मेडलिस्ट अवनि लेखरा सहित विभिन्न स्टेट आइकन्स के फोटो लगाये गए हैं। इन बूथों पर मतदान करने वाली प्रथम 10 महिला मतदाताओं को साफा पहनाकर स्वागत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मॉडल, यूनिक, ग्रीन तथा दिव्यांग मतदान केन्द्रों को भी विशेष रूप से सजाया गया है। इन मतदान केन्द्रों को भी विशेष थीम आधारित तैयार किया गया है।

# रोड पर रात के समय होने लगी है बदमाशी

पाटन,(निसं)।सावधान, अगर रात के समय आपको दुपहिया वाहन से नीमकाथाना से पाटन या पाटन से नीमकाथाना जाना है तो बहुत सावधान होकर निकलिए, क्योंकि रात के समय भराला मोड़ से नीमकाथाना बाइपास तक दुपहिया वाहन चालकों के साथ बदमाशी होने लगी है। नीमकाथाना निवासी अमित शर्मा ने बताया की 17 अप्रैल की रात लगभग 9:30 बजे मैं पाटन से नीमकाथाना अपनी बाइक से जा रहा था, तो भराला से आगे निकलते ही मेरी मोटरसाइकिल को तीन-चार लड़कों ने रोकने की कोशिश की, परंतु मैंने अपनी मोटरसाइकिल नहीं रोकी, उसके बाद उन लड़कों ने मेरा पीछा भी किया, अगर मैं उन लड़कों के हाथ लग जाता तो शायद वे लोग मेरे साथ मारपीट कर मेरे साथ कुछ भी घटना को अंजाम दे सकते थे। शर्मा ने यह भी बताया कि 10 अप्रैल की रात को भी एक नाहरेडा के युवक के साथ तीन-चार लड़कों ने मोटरसाइकिल रोकर मारपीट की और उनका मोबाइल और पर्स ले गए। यह सभी लड़के अपने मुंह पर तोलिया बांधे हुए रखते हैं जिससे इन लड़कों की पहचान नहीं हो सके। पुलिस प्रशासन को चाहिए की रात के समय इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ शीघ्र ही सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे इस मार्ग पर चलने वाले

# चूरू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में जनता एकदम साइलेंट है, लगता है कोई नया गुल खिलाएगी

- **चूरू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा विधायक हरलाल सहारण शायद ही अपनी पार्टी की बढ़त को कायम रख पाएंगे**

**चूरू,** (कासं.)। चूरू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समीकरण बदले हुए से नजर आ रहे हैं। यहां पिछले दो दिन से जनता एकदम साइलेंट हो चुकी है। लगता है जनता यहां कोई नया ही गुल खिलाएगी। कहा जा रहा है कि यहां हवा बदल रही है। यह बदली हुई हवा भाजपा के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार चूरू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के देवेन्द्र झाझड़िया की स्थिति कांग्रेस के राहुल कस्वां की तुलना में काफी मजबूत थी। पार्टी नेताओं द्वारा चुनाव प्रचार भी खूब जमकर किया गया है। जबकि राहुल कस्वां अपने दम पर ही चुनाव प्रचार में लगे रहे। कस्वां के पक्ष में किसी भी बड़े नेता ने नामांकन रैली के बाद कोई सभा नहीं की। यहां देवेन्द्र झाझड़िया की हवा तब बदली, जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नोहर-भादरा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा की। सभा के दौरान भाजपा के समर्पित कार्यकर्त्ताओं को मंच के पास ही नहीं आने दिया, मुख्यमंत्री को माला पहनाना तो बहुत दूर की बात है। ऐसे में उन समर्पित कार्यकर्त्ताओं का भाजपा से विश्वास ही टूट गया है।

तन, मन और धन से लगे वे भाजपा कार्यकर्त्ता अचानक मौन हो गए हैं। उनके मौन होने का अर्थ यही है कि नोहर-भादरा में भाजपा के पक्ष में चल रही हवा का रुख दूसरी ओर हो गया है। ऐसे में यहां देवेन्द्र झाझड़िया को नुकसान हो सकता है। कुल मिलाकर नोहर-भादरा में कांग्रेस के राहुल कस्वां की स्थिति मजबूत हो गई है। इसी प्रकार चूरू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भी भाजपा विधायक हरलाल सहारण शायद ही अपनी पार्टी की बढ़त को कायम रख पाएंगे। सरदारशहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला होने वाला है। यहां यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही उम्मीदवारों के साथ भीतरघात होगी। कांग्रेस के नेता नहीं चाहते कि राहुल कस्वां चुनाव जीतकर उनकी राजनीति खत्म कर दें। भाजपा में भी कई नेता नहीं चाहते कि झाझड़िया चुनाव जीतें।

# हनुमानगढ़ जिले के 1303 मतदान केन्द्रों पर मतदान आज

- **मतदान समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा कई माह की तैयारी के बाद गुरूवार को मतदान दल जिले के मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचे गए हैं। उन्होंने अपने कक्षों में मतदान सामग्री को सुव्यवस्थित कर लिया है। अब जिले के सभी 14 लाख से अधिक मतदाताओं के मताधिकार का उपयोग करने की बारी है।

हनुमानगढ़ जंक्शन के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज व डीएवी स्कूल से संगरिया, हनुमानगढ़ और पीलीबंगा विधानसभा क्षेत्रों के लिए चुनाव सामग्री लेकर दल रवाना हुए। नोहर के गौरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय से भादरा और नोहर विधानसभा क्षेत्र के लिए दलों की रवानगी हुई। इस बार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए दलों को उनकी सीटों पर ही चुनाव सामग्री वितरित की गई। इससे पूर्व उन्हें तृतीय प्रशिक्षण भी दिया गया।

जिले में कुल मतदाता 14 लाख 10 हजार 923 है। इनमें से 85 अनिवार्य सेवा मतदाता, 1963 होम वोटिंग मतदाता, 5563 सर्विस मतदाताओं ने अपना मतदान कर दिया है। (लगभग) कुल मतदान केंद्र-1303 इनमें से 100 विशेष मतदान केंद्र 652 मतदान केंद्रों से वेबकास्टिंग होगी। 40 मतदान केंद्रों पर मतदान करायेगी महिला कार्मिक अंडर 40 आयु वर्ग के युवा कार्मिक भी 40 केंद्रों पर कराएंगे। मतदान मतदान केंद्रों पर सुविधाएं सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए पानी और छाया की व्यवस्थाएं रहेगी।

दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर और वॉलिंटियर्स उपलब्ध रहेंगे। लम्बी कतार होने की स्थिति में केंद्रों पर बैठने के लिए कमरे खोले जाएंगे। केंद्र पर कतार की वास्तविक स्थिति के लिए बीएलओ व्हाट्सएप के जरिए मतदाताओं को सूचना देंगे। विशेष केंद्रों पर हैप्पी ऑवर्स में 10 बजे तक मतदाताओं को नींबू पानी पिलाया जायेगा।

साथ ही, विशेष केंद्रों पर प्रथम 5 से 10 मतदाताओं से पौधे लगवाए जाएंगे। महिला और मॉडल बूथ में फीडिंग रूम की सुविधा होगी। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को बैज/प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया जायेगा। महिला शक्ति बूथ पर महिलाओं को किचन गार्डन के लिए बीज और खाद के पैकेट दिए जाएंगे।

प्रत्येक विधानसभा में एक-एक दिव्यांग मित्र बूथ पर प्रथम 5 दिव्यांगजन मतदाताओं से पौधारोपण कराया जायेगा। सुबह 7 से 10 बजे तक आने वाले दिव्यांग मतदाताओं का माला पहना और नींबू पानी पिलाकर स्वागत किया जायेगा।

प्रथम बार के दिव्यांग मतदाताओं का बैज/प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया जायेगा। हरित बूथों पर सुबह 7 से 10 बजे तक आने वाले प्रथम 20 मतदाताओं का संदेशयुक्त जूट बैग देकर स्वागत किया जायेगा।

कानाराम, जिला निर्वाचन अधिकारी, हनुमानगढ़ का कहना है कि मतदान हमारा अधिकार है, यह राष्ट्र के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। आइए, मतदान दिवस के राष्ट्र पर्व को हम सभी मतदान कर मनाएं। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा।

लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर 17 अप्रैल शाम 6 बजे से 19 अप्रैल सायं 6 बजे तक बीकानेर लोकसभा संसदीय क्षेत्र में सूखा घोषित किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि द्वारा जारी आदेशानुसार जिन क्षेत्रों में मतदान होंगे,उन क्षेत्रों के बाहर के सीमावर्ती 3 किलोमीटर परिधि क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति सायं 6 बजे तक सूखा घोषित किया गया है। मतगणना दिवस 4 जून को भी सूखा दिवस घोषित किया गया है।

## मतदान आज

**रतनगढ़,**(निसं)। लोकसभा चुनाव 2024 हेतु मतदान दलों का अंतिम प्रशिक्षण मोहनलाल जालान राजकीय महाविद्यालय में संपन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पा सत्यानी एवं एडीएम मंगलाराम की मौजूदगी में दक्ष प्रशिक्षको द्वारा पोलिंग पार्टी को मतदान संबंधी आवश्यक सावधानियों से अवगत करवाया गया। रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 249 बूथ एवं 4 अतिरिक्त बूथ बनाये गए है। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार यूनीक बूथ भी बनाये गए हैं। महिला प्रबंधित, युवा प्रबंधित, दिव्यांग एवं आदर्श बूथ का निर्माण किया गया है। मतदान समय प्रात: 7 से शाम 6 बजे तक है जिसमें सुबह 7 से 10 के मध्य मतदान करने वाले मतदाताओं द्वारा वृक्षारोपण भी करवाया जायेगा। मतदान प्रक्रिया की सुचारु संचालन हेतु निर्वाचन विभाग द्वारा 23 सेक्टर ऑफिसर्स एवं 15 माईक्रो ओब्जर्वर नियुक्त किये गये है तथा 117 बूथ पर वेबकास्टिंग की जायेगी 03 बूथ पर वीडियोग्राफी की जायेगी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी अमित कुमार वर्मा ने मतदान कार्मिको को संबोधित करते हुवे भयमुक्त व निष्पक्ष मतदान करवाने तथा सजगता से कार्य करने का संदेश दिया। दक्ष प्रशिक्षक विक्रम सिंह, शिव शंकर कम्मा, आनंद

# विभिन्न थीम पर सजेंगे जिले के मतदान केंद्र

**झुंझुनूं,**(निसं)। जिले में शुक्रवार को लोकसभा आम चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ होगा। इसके लिए मतदान केंद्रों को आकर्षक तरीकों से सजाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने इस बार जिले के प्रत्येक विधानसभा वार अलग-अलग थीम पर मतदान केंद्रों को सजाने के निर्देश दिए है। जिसके तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 10 मतदान केंद्रों को आर्मी, ग्रीन, शेखावाटी कल्चर एवं स्पोर्टस थीम पर सजाया जाएगा।

पिलानी विधानसभाग्रीन थीम के तहत श्रीमती जानकी देवी मंड्रेलिया गृह विज्ञान स्कूल पिलानी (47), बिरला हॉस्टल (जूनियर सेक्शन) विद्या विहार पिलानी (61), एमके साबू कॉमर्स कॉलेज के उत्तरी हिस्से का दायां भाग पिलानी (64), शेखावाटी कल्चर के तहत राउमावि दायां भाग खुडानियां (26), क्वार्टर नंबर 245 बीआईटीएस कैम्पस पिलानी (62) एवं एमके साबू कॉमर्स कॉलेज के उत्तरी हिस्से का बायां भाग (63), आर्मी थीम के तहत राकेश महाविद्यालय बायां भाग पिलानी (44), राउमावि वार्ड नंबर दो बायां भाग पिलानी (54) एवं शहीद जयसिंह राउमावि दायां भाग नारनोद मालीगांव (153), स्पोर्टस थीम पर राउमावि बायां भाग खुडानिया (25) मतदान केंद्र को सजाया जाएगा।

सूरजगढ़ विधानसभाग्रीन थीम के तहत शहीद धर्मपाल सिंह राउमावि दायां भाग बलौदा (16), श्री लक्ष्मी निवास भवन डालमियों का मंदिर हाई स्कूल रोड बायां भाग सूरजढ़ (41) तथा राउप्रा संस्कृत विद्यालय दायां भाग हीरवा (89), शेखावाटी कल्चर थीम के तहत राप्रावि मैनाना (97), महात्मा गांधी रावि बायां भाग बडबर (103) को सजाया।




**झुन्झुनू के सरकारी स्कूल में मतदान केन्द्र को सजाया।**

